भारत सरकार

Government of India

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

Ministry of Home Affairs, Department of Official Language

हिंदी शिक्षण योजना (परीक्षा स्कंध)

Hindi Teaching Scheme (Examination Wing)

परीक्षा की तारीख ---------------------

Date of examination

पारंगत परीक्षा – जून 2024

प्रश्न पत्र - द्वितीय

समय : 3 घंटे   पूर्णांक :100

---

1. नीचे दिए गए अँग्रेजी शब्दों में से किन्हीं 10 शब्दों के हिंदी पर्याय लिखिए और उन हिंदी शब्दों से कार्यालयीन हिंदी में वाक्य बनाइए । **(15 अंक)**

1. Procurement	2. Ad-hoc	3. Surcharge	4. Wing
5. Valuation	6. Write off	7. Up-to-date	8. Statutory
9. Remuneration	10. Privilege	11. Perusal	12. Monetary

2. निम्नलिखित अँग्रेजी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए । **(15 अंक)**

1. Please comply before due date.
2. Regular service should be taken into account.
3. Please put up the case with previous papers.
4. On such terms and conditions a he thinks fit.
5. Necessary report is still awaited.
6. Tender process may be initiated.
7. Administrative approval may be obtained..
8. Maintain status quo.
9. Epidemic may not be allowed to spread.
10. All the apprehensions may be redressed.

3. नीचे दी गई स्थितियों में से किन्ही दो पर यथा निदेशित मसौदे तैयार कीजिए । **(20 + 20 अंक)**

(क) विभाग द्वारा जारी सहायक निदेशकों की वरिष्ठता सूची की विसंगतियों के संबंध में कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं । इन विसंगतियों की जाँच करके इन्हें ठीक किया गया है । संशोधित वरिष्ठता सूची जारी करने के लिए सहायक स्तर पर टिप्पणी लिखिए और संबंधितों को भेजे जाने वाले पत्र का मसौदा प्रस्तुत कीजिए ।

(ख) श्रीमती मंजू गुप्ता, उप निदेशक अधिवर्षिता प्राप्त करने पर दिनांक ----------- को सेवानिवृत्त हो रही हैं । उनकी सेवानिवृत्ति के संबंध में आवश्यक टिप्पणी के साथ कार्यालय आदेश का मसौदा प्रस्तुत कीजिए ।

(ग) आपके कार्यालय में सितंबर माह में हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया जाना है । पखवाड़े में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है । कार्यालय अधीक्षक की ओर से प्रतियोगिताओं एवं पुरस्कार योजनाओं का पूर्ण विवरण देते हुए एक टिप्पणी कार्यालय प्रधान को अनुमोदनार्थ लिखिए और सभी कार्मिकों को इसकी सूचना देने के लिए परिपत्र का मसौदा तैयार कीजिए ।

4. नीचे दी गई स्थितियों में से किन्ही दो पर मसौदा तैयार कीजिए । **(10 + 10 अंक)**

(क) केंद्रीय सरकार के कार्मिकों की वेतन वृद्धि हेतु सरकार ने एक आयोग गठित करने का निर्णय लिया है आयोग के अध्यक्ष, सदस्य, समयावधि, विषय आदि की विस्तृत जानकारी देते हुए एक संकल्प का मसौदा तैयार कीजिए ।

(ख) आपके कार्यालय के अवर श्रेणी लिपिक, श्री मोहन कुमार को रु0 30,000/- कंप्यूटर अग्रिम मंजूर करते हुए संस्वीकृति आदेश का मसौदा तैयार कीजिए ।

(ग) क्षेत्रीय उप निदेशक अपने क्षेत्र के अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण दिनांक --------- से दिनांक ----------- तक जयपुर, चंडीगढ और देहरादून का दौरा करने वाले हैं । उप निदेशक का दौरा कार्यक्रम बनाएँ ।

5. नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर 15 वाक्य लिखिए ।

(10 अंक)

(क) नारी शक्ति

(ख) स्वच्छ भारत

(ग) राजभाषा हिंदी